**भारत सरकार**
**संचार मंत्रालय**
**दूरसंचार विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 318**
**उत्तर देने की तारीख 27 नवम्बर, 2024**

## बीएसएनएल टावरों की स्थिति

**318. श्री बी. वाई. राघवेन्द्रः**

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) कर्नाटक के शिमोगा जिले के लिए स्वीकृत बीएसएनएल के कितने टावरों को मंजूरी प्रदान की गई है और वर्तमान में वे कार्य कर रहे हैं;
(ख) स्वीकृत अधूरे टावरों की तुलना में कुल कितनी संख्या में टावर मंजूर किए गए हैं और उनके पूरा होने की अनुमानित समय-सीमा क्या है;
(ग) अपूर्ण टावरों के विभिन्न चरणों का ब्यौरा क्या है; और
(घ) शेष टावरों की शीघ्र स्थापना के लिए क्या विशिष्ट उपाय किए जा रहे हैं?

**उत्तर**
**संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)**

**(क) से (घ)** कर्नाटक के शिमोगा जिले में 4जी सेचुरेशन स्कीम के तहत 134 मोबाइल टावर स्वीकृत किए गए हैं। अब तक 49 टावर स्थापित किए जा चुके हैं, जिनमें से 11 टावर सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। इसके अलावा 227 साइटों का 4जी में उन्नयन करने की योजना बनाई गई है, जिनमें से 119 साइटें स्थापित हो चुकी हैं और 87 साइटें ऑन एयर हैं।

राज्य सरकार द्वारा भूमि आवंटन लंबित होने के प्रमुख कारणों में से एक है, बीएसएनएल इसके लिए राज्य सरकार के साथ निकट समन्वय बनाए हुए है।

***